12 korba-pg1_Layout 1 4/12/2025 11:49 PM Page 1

तापमान

अधिकतम 34.0 डिग्री

न्यूनतम 12.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, रविवार 13 अप्रैल 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 शासकीय विभागों में पंचिंग मशीन की बनी है दरकार



## खबर संक्षेप

### आज मनाया जाएगा बैसाखी पर्व

**कोरबा।** वैसे तो बैसाखी सिक्खों का प्रमुख त्योहार है, लेकिन हमारे देश में इसे सभी लोग मिल-जुलकर मनाते हैं। इस बार ये पर्व 13 अप्रैल को मनाया जाएगा। इस पर्व से जुड़ी कईं खास बातें हैं। वैसे तो य पर्व फसल पकने और सौर नववर्ष की खुशी में मनाया जाता है, लेकिन इस पर्व से जुड़ी एक घटना ऐसी है जो इसे और भी खास बनाती हैं। सिक्खों के दसवें गुरु गोविंदसिंह ने 1699 में बैसाखी पर ही खालसा पंथ की स्थापना की थी और पंज प्यारे बनाए थे। खालिस अरबी भाषा में एक शब्द है, जिसका अर्थ है शुद्ध। इसी से खालसा शब्द लिया गया। जब हमारे देश में मुगलों का राज था तो वे तरह-तरह से हिंदुओं को प्रताड़ति करते थे। तब सिक्खों के दसवें गुरु गोविंदसिंह ने 1699 की बैसाखी के मौके पर आनंदपुर में सभी सिक्खों को बुलाया। वहां गुरु गोविंदसिंह ने खालसा पंथ की स्थापना की, जिसका काम अधर्म के विरुद्ध युद्ध करना है। आनंदपुर में गुरु गोविंदसिंह ने सभा के दौरान लोगों से कहा 'जो व्यक्ति देश-धर्म की रक्षा के लिए अपना जीवन बलिदान करने को तैयार हैं, वो आगे आए। तब भीड़ में से एक युवक निकला। गुरु गोविंदसिंह उसे तंबू में ले गए और खून से सनी तलवार लेकर बाहर आए। गुरु गोविंदसिंह के कहने पर 4 और युवक उनके पास गए। गुरु गोविंदसिंह उन्हें भी तंबू में ले गए।

### ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक पद हेतु दावा आपत्ति 16 तक

**कोरबा।** कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा जिला खनिज न्यास मद अंतर्गत ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक पुरुष के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु पात्र, अपात्र अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन जारी कर 21 मार्च को शाम 5 बजे तक दावा आपत्ति आमंत्रित की गई थी। प्राप्त दावा आपत्ति का निराकरण पश्चात दावा आपत्ति निराकरण सूची एवं अनंतिम मेरिट सूची कार्यालयीन सूचना पटल पर चस्पा तथा जिले के शासकीय वेबसाईट में सर्व संबंधितों के अवलोकनार्थ एवं दावा आपत्ति हेतु अपलोड कर दिया गया है। अभ्यर्थी जारी अनंतिम मेरिट सूची के समस्त कॉलमों का सूक्ष्म अवलोकन कर दावा आपत्ति 16 अप्रैल को शाम 5 बजे तक कार्यालय मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में आवश्यक दस्तावेज सहित प्रस्तुत कर सकते हैं।

### अग्निवीर के विभिन्न पदों के लिए आवेदन 25 तक

**कोरबा।** भारतीय सेना में अग्निवीर भर्ती हेतु अधिसूचना जारी की गई है जिसका भारतीय सेना की वेबसाइट पर अवलोकन किया जा सकता है। सेना में अग्निवीर भर्ती हेतु जनरल, तकनीकी, क्लर्क, ट्रेडमेन (8वीं एवं 10वीं) महिला सैन्य पुलिस और रेगुलर कैडर भर्ती धर्मगुरु, नर्सिंग सहयोगी और सिपाही फार्मा के पदों की भर्ती के लिए अधिसूचना जारी की गई है। भर्ती के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 10 अप्रैल निर्धारित थी जिसे आगे 25 अप्रैल तक बढ़ाया गया है। इस हेतु अभ्यर्थियों से किसी भी अनाधिकृत व्यक्तियों के बहकावे या प्रलोभन में नहीं आने का आग्रह किया गया है।

### करतला जनपद अध्यक्ष ने शासन को लिखा पत्र

**कोरबा।** एक तरफ शासन प्रदेश में सुशासन दिवस मान रहा है इसके माध्यम से लोगों की समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है वहीं दूसरी ओर प्रदेशभर के पंचायत सचिव अपनी मांगों को लेकर आंदोलनरत है। सुशासन दिवस के अवसर पर करतला जनपद पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती अशोक विश्राम कंवर ने शासन को एक पत्र लिखकर 18 मार्च से आंदोलन कर रहे पंचायत सचिव को शासकीय कारण करने की मांग की है। उन्होंने पत्र में लिखा है की मोदी जी की गारंटी को पूरा करते हुए अपनी घोषणा को पूरा कर पंचायत सचिवों कोनियमित करें। उल्लेखनीय है कि 18 मार्च से प्रदेशभर के 10 हजार से अधिक पंचायत सचिव आंदोलन पर चले गए हैं।

## बालको की दूसरी लाइन पर मालगाड़ी का 5वां डिब्बा हुआ डैमेज

# कोयला लदी मालगाड़ी पटरी से उतरी



बेपटरी हुए मालगाड़ी के पहिये।



रेलवे फाटक पर लगा जाम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शारदा विहार और टीपी नगर समपार फाटक के बीच मानिकपुर खदान से बालको जा रही कोयले से भरी मालगाड़ी का 5वां डिब्बा पटरी से उतर गया। मालगाड़ी का पहिया पटरी से उतरने के बाद कुछ दूर तक चलता रहा, इससे पटरी और पहिया दोनों डैमेज हो गए। जानकारी मिलने पर चालक ने तत्काल मालगाड़ी रोकी और रेलवे प्रबंधन को सूचित किया।

**खास बातें**

- कोयला परिवहन रुका, शारदा विहार फाटक पर लगी लंबी भीड़
- दूसरी लाइन पर घंटों कोयला परिवहन रहा बाधित, मरम्मत के बाद चालू हुआ परिवहन



पटरी से उतरने के बाद क्षतिग्रस्त हुआ वैगन।

घटना के समय शारदा विहार समपार फाटक बंद था। पटरी से उतरने के बाद मालगाड़ी फाटक के बीच में ही फंस गया, जाम की वजह से से मार्ग पर आवागमन करने वालों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

घटना की जानकारी मिलते ही फाटक पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और सभी हंगामा मचाने लगे। शुरू में लोगों को पटरी से उतरने की जानकारी नहीं थी। गेट मेन ने जब इसकी जानकारी लोगों को दी तब जाकर मामला शांत हुआ। स्थानीय लोगों के अनुसार शारदा विहार फाटक में मालगाड़ियों का परिवहन अधिक होता है। इससे फाटक लंबे समय तक बंद रहता है, जिससे लोगों को आवाजाही में परेशानी का सामना करना पड़ता है। यही वजह है कि स्थानीय लोगों ने कई बार अंडरब्रिज की मांग की है। घटना के बाद बालको और रेलवे प्रबंधन के अधिकारी मौके पर पहुंचे। जिसके बाद तत्काल मरम्मत कार्य शुरू किया गया। मालगाड़ी का डिब्बा बालको की दूसरी लाईन पर डिरेल हुआ था। इस मार्ग पर कोयला परिवहन पूरी तरह रुक गया है। इस घटना से रेलवे और बालको को आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ा है।

**युवक की सजगता से टला बड़ा हादसा**

शनिवार की सुबह शहर की शारदा विहार रेलवे क्रॉसिंग से गुजर रही कोयला भरी मालगाड़ी के एक वैगन का पहिया पटरी से उतर गया। मालगाड़ी मानिकपुर से कोयला लेकर बालको की ओर जा रही थी, तभी शारदा विहार निवासी कृष्णा त्रिवेदी की नजर उस पर पड़ गई और एक बड़ा हादसा होने से बच गया। दरअसल हुआ यूं कि कृष्णा त्रिवेदी अपने मित्र के साथ क्रॉसिंग के ठीक पास स्थित चाय दुकान पर चाय पी रहा था, उसी समय मालगाड़ी निकली। जिसकी वैगन का पहिया बेपटरी था, जिस पर कृष्णा की नजर पड़ी और उन्होंने तुरंत इसकी जानकारी क्रॉसिंग कर्मी को दी। रेल कर्मी ने मालगाड़ी के लोको पायलट को मोबाइल से इसकी जानकारी दी, जिसने तुरंत गाड़ी रोक दी और हादसा टल गया।

# नाबालिग ने युवती को आत्महत्या के लिए किया प्रेरित, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पुलिस ने युवती को आत्महत्या के लिए प्रेरित करने और दबाव बनाने के मामले में एक नाबालिक युवक को किशोर न्याय बोर्ड में पेश कर बाल संप्रेक्षण गृह भेज दिया है।

**खास बात**

- आरोपी नाबालिग बालक को भेजा गया संप्रेक्षण गृह

सीएसईबी चौकी पुलिस ने एक 19 वर्षीय युवती द्वारा आत्महत्या किए जाने की सूचना प्राप्त हुई थी। प्रारंभिक जांच में यह तथ्य सामने आया कि युवती का संपर्क एक विधि से संघर्षरत बालक से था, जिससे वह नियमित रूप से वीडियो कॉल, संदेशों एवं सोशल मीडिया के माध्यम से संवाद करती थी। घटना वाले दिन दोनों के मध्य विवाद हुआ, जिसके पश्चात मृतका ने उक्त बालक को आत्महत्या की मंशा जताई और तत्पश्चात फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। सायबर सेल की तकनीकी जांच में यह स्पष्ट हुआ कि बालक द्वारा लगातार मानसिक दबाव बनाया जा रहा था एवं वह आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग कर युवती को आत्महत्या के लिए प्रेरित कर रहा था। मामले की गंभीरता को देखते हुए परिजनों की शिकायत एवं प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने धारा 108 भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर नाबालिक को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी बालक ने अपने कृत्य को स्वीकार किया, जिसके उपरांत विधिसम्मत कार्रवाई करते हुए उसे किशोर न्याय बोर्ड, समक्ष प्रस्तुत कर बाल संप्रेक्षण गृह भेजा गया। पुलिस आम नागरिकों से अपील करती है कि वे किशोरों के मोबाइल एवं इंटरनेट उपयोग पर सतत निगरानी रखें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को प्रदान करें, जिससे समय रहते आवश्यक कदम उठाया जा सके।

## अवैध शराब की बिक्री पर वार्ड पार्षदों ने दर्री थाना में सौंपा ज्ञापन



**दर्री।** दर्री थाना क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 60 प्रगति नगर वार्डों में अवैध देशी व महुआ शराब बिक्री की जा रही है। जिसमें मोहल्ले के वार्डवासी परेशान हैं। वार्ड में हो रहे अवैध शराब बंदी के लिए दर्री थाना प्रभारी ललित चंद्रा को ज्ञापन सौंपा है। श्री चंद्रा ने आश्वासन दिया गया कि बहुत जल्द ही अवैध शराब बिक्री पर निजात दिलाया जाएगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान नारायण ठाकुर, तुलसी ठाकुर, जनक सिंह राजपूत, वार्ड पार्षद तोमेश यादव, अरुण यादव, अवधेश पासवान, सुभाष पांडेय, प्रमोद रात्रे, लक्ष्मी वैष्णव, विजेंद्र शर्मा, दीपेश जांगड़े, रवि साहू, दुर्गा प्रसाद उपस्थित रहे।

# कर्मचारियों की आवासीय कॉलोनियों की मरम्मत हेतु बजट की दरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कर्मचारियों के आवासीय कॉलोनी की मरम्मत की जिम्मेदारी उठाने वाले लोक निर्माण विभाग की कॉलोनी ही बदहाल बनी हुई है। बजट के आभाव के कारण कॉलोनी में निवासरत कर्मचारियों को स्वयं के खर्च पर बरसात के समय छतों में प्लास्टिक लगानी पड़ती है। जो विभाग शासकीय कॉलोनी की जिम्मेदारी उठाता है। उसकी स्वयं की कॉलोनी में निवासरत कर्मचारियों को विभाग की सुविधा नहीं मिल रही है।

**खास बातें**

- लोक निर्माण विभाग की कालोनी ही बदहाल
- छतों में बरसात में बचाव के लिए लगाई जाती है प्लास्टिक



आवासीय कॉलोनी जिसके छत पर लगी है तिरपाल।

लोक निर्माण विभाग अंतर्गत ईएनडी विभाग संचालित है, जिसके अंतर्गत कलेक्ट्रेट परिसर से लेकर अन्य सभी सरकारी दफ्तरों और आवासीय कॉलोनी की विद्युत व्यवस्था और सिविल वर्क का कार्य किया जाता है। ईएनडी विभाग में पिछले कुछ समय से बजट के आभाव के कारण इलेक्ट्रिकल उपकरण उपलब्ध नहीं है। छोटे छोटे बिजली के कार्यो के लिए कर्मचारियों को खुद के खर्च पर बाहर के ठेकेदारों से काम कराना पड़ता है। कर्मचारी संघों ने भी आवासीय कॉलोनी की दशा के मद्देनजर विभागीय अधिकारियों को अवगत कराते रहे हैं। कर्मचारी संघों की मानें तो लगातार बजट का बहाना बताकर आवासीय व्यवस्था की उपेक्षा हो रही है। कलेक्ट्रेट के आसपास लोक निर्माण विभाग की कॉलोनी के अलावा सिंचाई विभाग आईटीआई विभाग के आवासीय कॉलोनी बनी हुई है। इनमें पुराने बंगले भी शामिल हैं जिनमें एडीएम और एसडीएम स्तर के अधिकारी निवासरत हैं। उनके बंगलों की भी हालत बरसात में छतों से रिसते पानी के कारण बिगड़ जाती है।

**डीएमएफ से हो रहे जीर्णोद्धार और निर्माण**

जिला प्रशासन द्वारा डीएमएफ से स्कूल शिक्षा विभाग, आदिमजाति कल्याण विभाग, महिला कल्याण विभाग से उनके भवनों की जानकारी मांगी गई है। जर्जर हो चुके भवन की जगह नए भवन बनाने के लिए डीएमएफ की राशि जारी किए जाने के निर्देश भी दिए गए हैं। सभी विभागों ने अपने अपने स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्रों के जर्जर भवन के संबंध में जानकारी तैयार कर प्रशासन को प्रेषित की है। डीएमएफ की राशि से इन भवनों की हालत सुधारी जाएगी। किंतु शासकीय कर्मचारियों के आवासों के संबंध में डीएमएफ से राशि जारी करने का प्रावधान नहीं है।

# ट्रेलर पलटने से सड़क पर बिखरा राखड़, चालक घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सुबह लगभग 5 बजे दर्री से राखड़ लेकर पाली की ओर आ रही ट्रैलर पाली के निकट राष्ट्रीय राजमार्ग के ग्राम पाली-कोसाबाड़ी के पास अनियंत्रित होकर पलट गया। उक्त घटना में वाहन चालक घायल हो गया। उसे राहगीरों की मदद से पाली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वाहन के पलटने से इसमें लोड राखड़ सडक पर बिखर गया। लोगों ने बताया कि वाहन चालक का नियंत्रण अचानक खो गया इससे यह हादसा हुआ।

उल्लेखनीय हैं कि जिले में विभिन्न संयंत्रों का राखड़ बांध स्थित है, यहां से रोजाना भारी मात्रा में राख को ट्रैलर व हाइवा में लोड कर अलग-अलग स्थानों में भेजा जाता है। इस कार्य में कई ट्रांसपोर्ट कंपनियां भी शामिल हैं, जो भाड़े पर गाड़ी लेकर राख का परिवहन कर रही है, लेकिन आरोप हैं कि तय मापदंडों के अनुसार राख का परिवहन नहीं हो रहा है। इससे लोगों के लिए गंभीर समस्या खड़ी हो गई है। सबसे गंभीर स्थित वायु प्रदूषण को लेकर हो रही है। यहां से राख लेकर आने-जाने वाली अधिकतर गाड़ियां तिरपाल से सही तरह राख को नहीं ढंक रही है। जिस मार्ग से गाड़ियां आना-जाना करती हैं उस मार्ग में राख उड़ रही है और लोगों के चलने से राख के कण आंख में समा जाते हैं। सांस से फेफड़ों में पहुंच रही है, इससे समस्या हो रही है।



दुर्घटनाग्रस्त ट्रेलर वाहन।



Bajpai Buildcon

# A Luxurious Lifestyle... with the Essence of Royalty

You just can't miss the glorious opportunity to own a home at Near Uslapur Railway Station, Bilaspur

RSPL



स्व. रविशंकर रिछारिया
की स्मृति में निर्मित

भव्य शुभारंभ

श्रीमती स्वदेश रिछारिया के कर कमलों से
14 अप्रैल 2025, शाम 7 बजे
आप सभी सादर आमंत्रित है

A project by : Bajpai Buildcon india (P) Ltd./ Rituraj Steel (P) Ltd.

Bajpai's

# RSR APARTMENT

**48 AFFORDABLE 2BHK FLATS** Alka Avenue : Uslapur, Bilaspur


- अलका एवेन्यू में घर वो भी 25 लाख से कम में
- अफोर्डेबल हाउसिंग 2.65 लाख तक की सरकारी सब्सिडी*
- शहर की सबसे शांत और ग्रीन कॉलोनी
- उसलापुर स्टेशन के एकदम पास
- 3000 से ज्यादा संतुष्ट कस्टमर

अल्का एवेन्यू में प्लॉट उपलब्ध
1600, 1760, 1815, 1980, 2520, 3150 Sqft.



READY FOR POSSESSION

## Our Completed Projects



**Hotel East Park**
Agresan Chowk, Bilaspur



**Chandra Park**
Near Brahaspati Bazar




**Siddhivinayaka Heights**
Civil Lines



**Bajpai Chambers**
Rajendra Nagar Chowk



**H.N. Bajpai Tower**
Madhyanagari Chowk



**Parijat Heights**
Parijat Extension, Nehru Nagar




**Parijat Extension**
Nehru Nagar



**Parijat Castle**
- Ring Road, No. 2



**Jagnnathpuram**
Rajkishore Nagar



**Rohni Vihar**
Behind Green Park Colony



**Bajpai Castle**
Minocha Colony

## OUR PARTNERS IN THE PROJECT

Architect : Ar. Shyam Shukla | PROJECT ENGINEER: ASHOK TIWARI | OVERALL SUPERVISION (PMC) : M/S KING KALIS DEVELOPERS, PH - 8319071268

**MATERIAL**

| EARTH WORK | TILES | PAINT | WINDOW | DOOR | PLUMBING | CONCRETE | GRILL |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| MUNNA THAKUR | RUPALI TILES | BHARAT PAINT | VEE R VEE BROS. | SANKAT MOCHAN | KAPASI TRADERS | ACM READY MIX | SATYA ENGINEERING |
| **DOOR FRAMES** | **METAL** | **SAND** | **GRANITE** | **CEMENT** | **STEEL** | **BRICK** | **ELECTRICAL** |
| ANNAPURNA INDUSTRIES | SARKAR MINERALS | JAI MALI | KALYAN STONES | RADHESHYAM TRADERS & DURGA TRADERS | BALAJI STEELS &B.R. TRADERS | SIDDHI VINAYAK INDUSTRIES & RAMJI FLYASH BRICKS | KAPASI SALES |

**CONTRACTORS**

| CIVIL | PAINTING | TILES | PLUMBER | ELECTRICIAN | MAIN LINE | CORE CUTTING | LAND SCAPE |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ROHIT RAJPUT | RAMAKANT | RAHUL DARJI | GOPI SURYAWANSHI | RAJU JAISWAL | M/S SANJAY AGRAWAL | SANJU MAHENDRA | JANTA NURSERY |
| KARAN SINGH | ASHWANI | M/S RISHABH SINGH | | ISHWAR SAHU | | RAM KUMAR | NOOR AHAMAD |
| RAJU BRINDA | | | | | | | |

RSPL

# BAJPAI BUILDCON INDIA (P) LTD.

Alka Avenue, Near Uslapur Rly. Station, Bilaspur (C.G.)
Mob.: 9039144615, 7024761441

SCAN FOR LOCATION

12 korba-pg3_Layout 1 4/12/2025 11:51 PM Page 1



## खबर संक्षेप



### जलके में मांगे शराब दुकान, तो हाथी पीड़ितों ने मांगा झटका तार

**कोरबा।** राज्य शासन का सुशासन तिहार शिविर 8 से 11 अप्रैल के मध्य आयोजित हुआ। शिविर के दौरान ग्रामीणों ने अपने क्षेत्र से संबंधित मांगों को प्रमुखता से रखते हुए समाधान करने की अपील सरकार से की है। इस कड़ी में एक अजीबोगरीब मांग पोड़ी-उपरोड़ा विकासखंड के ग्राम पंचायत जलके से रमेश ने की है। इन्होंने गांव जलके में शराब दुकान खोलने का आग्रह मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से किया है। इसी तरह वीरेंद्र सिंह मरकाम ने हाथी प्रभावित ग्राम वासियों के लिए मांग करते हुए वन विभाग से मांग की है कि वर्ष 2017 से कटघोरा वनमण्डल में हाथियों की संख्या और उनका आतंक कुछ ज्यादा ही बढ़ गया है। पशुओं और हाथियों के द्वारा जान-माल को काफी नुकसान पहुंचाया जा रहा है। उनकी सुरक्षा के साथ-साथ ग्रामीणों की सुरक्षा जरूरी है। फसल का नुकसान क्षतिपूर्ति राशि प्रति हेक्टेयर 70 हजार रुपये करने के साथ-साथ हाथियों और जंगली जानवरों से बचाव के लिए झटका तार लगवाने की मांग सरकार से की गई है।

### भाजपा ने चलाया गांव-गांव घर-घर चलो अभियान



**कोरबा।** भाजपा बांकीमोंगरा मंडल द्वारा गांव-गांव घर-घर चलो अभियान कार्यक्रम प्रत्येक शक्ति केंद्रों में आयोजित किया जा रहा है। इसी कड़ी में कुसमुंडा के शक्ति केंद्र नराईबोध के दोनों बूथों में घर-घर पहुंचकर मतदाताओं को पिछले विभिन्न चुनावों में भारी मतों से विजयी दिलाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने मतदाताओं को विश्वास दिलाया कि भविष्य में किसी भी तरह का सहयोग करने के लिए वे सदैव तत्पर रहेंगे। इस दौरान केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं से भी अवगत कराया गया। कार्यक्रम में विकेश झा और राकेश पटेल, पार्षद श्रवण यादव और राजकुमार कंवर, बूथ अध्यक्ष शशि साहू और हरनारायण, कार्यकर्ता मेलूराम पटेल, देव प्रसाद यादव, नागेंद्र सिंह, रितेश सिंह, रामेश्वर सोनी, गुरदीप सिंह, संतोष दास महंत, दाऊराम चौहान, सकराम बिंझवार और दीपक दास महंत का सक्रिय योगदान रहा।

### पूर्व पार्षद सोनी के अतिक्रमण पर निगम का चला बुलडोजर



**कोरबा।** अवैध अतिक्रमण को लेकर कोरबा नगर पालिक निगम के आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के निर्देशानुसार ताबड़तोड़ कार्रवाई किया जा रहा है। आयुक्त ने अवैध अतिक्रमण को लेकर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारियों के दिए। अतिक्रमण हटाओ के इस कार्रवाई में निगम आयुक्त को शिकायत मिली थी कि बालको चेकपोस्ट मुख्य मार्ग में पूर्व पार्षद देवी दयाल सोनी के द्वारा स्वयं अतिक्रमण करने के बाद मेडिकल स्टोर के संचालक को मुख्य मार्ग पर पक्का निर्माण करने के लिए संरक्षण दिया जा रहा था। शिकायत के आधार पर निगम के जिम्मेदार अधिकारी विमल गोयल मौके पर पहुंच अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के लिए पहुंचे थे, लेकिन तीन दिन में सामान हटा लेने के निवेदन पर नगर निगम के संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों ने समय दे दिया था, लेकिन समय बीत जाने के बाद भी अतिक्रमण हटाने के बावजूद निर्माण संबंधित कार्य कर रहे थे। अधिकारी द्वारा सूचना मिलने पर नगर निगम के अधिकारी विमल गोयल दलबल के साथ पहुंचे। मुख्य मार्ग पर हुए अतिक्रमण पर कार्रवाई करते हुए उसे मुक्त कर लिया है। अतिक्रमणकारियों में पवन मित्तल और अमित सोनी भी शामिल थे। देवी दयाल सोनी पूर्व में वार्ड का पार्षद रहा है और अपने पार्षद के कार्यकाल में उन्होंने दर्जनों लोगों को अवैध अतिक्रमण करवाते हुए उसके एवज में मोटी रकम लिया करते थे। इस तरह अपने निजी आर्थिक लाभ के लिए शासकीय भूमि को कई बार कई लोगों को बेचा गया है। निगम को चाहिए कि क्षेत्र में होने वाले सभी अतिक्रमण पर ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए शासकीय भूमि को अतिक्रमण से पृथक करें ताकि बेजा कब्जा करने वाले लोगों को कार्रवाई का भय बना रहे। इस कार्रवाई को लेकर निगम के अधिकारी विमल गोयल ने कहा कि अतिक्रमण करने वाले लोगों को नहीं बक्शा जायेगा चाहे अतिक्रमण किसी की रहे। नगर निगम द्वारा उस पर सख्ती से पेश आते हुए कार्रवाई की जाएगी।

## मंदिरों में गूंजी हनुमान चालीसा और रामचरित्रमानस की चौपाई

# सब सुख लहै तुम्हारी सरना, तुम रक्षक काहू को डरना...



शोभायात्रा में हनुमान के प्रतिरुप में कलाकार।



शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जय जय हनुमान गोसाई कृपा करो गुरुदेव की नाई, सब सुख लहै तुम्हारी सरना, तुम रक्षक काहू को डरना की गूंज सुबह से ही मंदिरों में सुनाई दे रही थी। अंजनानन्दन भगवान हनुमान का प्राकट्य पर्व औद्योगिक तीर्थ कोरबा में श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। संकट मोचन हनुमान मन्दिर कोसाबाड़ी, पंचमुखी हनुमान मंदिर हेलीपेड रोड सहित सिविल लाइन थाना और पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सामने स्थित मंदिर में प्राकट्य दिवस पर भगवान की विशेष पूजा अर्चना की गई। पर्व के लिए मंदिर में विशेष सजावट की गई थी। भक्तों ने सुबह से पूजा अर्चना किए। दोपहर बाद भोग भंडारे के आयोजन में श्रद्धालुओं की भीड़ नजर आ रही थी। शंखों और घंटियों की आवाजों से मंदिर गूंजायमान हो रहे थे। अवसर था हनुमान जयंती का।

प्रतिवर्ष चैत्र नवरात्रि में भगवान राम के जन्मोत्सव के एक सप्ताह बाद चैत्र माह की पूर्णिमा में मनाई जाने वाली हनुमान जयंती का दायरा अब शहर उपनगरीय क्षेत्रों के साथ ग्रामीण अंचलों में भी बढ़ता जा रहा है। प्रतिवर्ष शोभयात्रा भोग भंडारा, अखंड कीर्तन जैसे बड़े कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। शनिवार को हनुमान जयंती के अवसर पर शहर और उपनगरीय क्षेत्रों में हनुमान जयंती के नजारे दिखाई दे रहे थे। सुबह से ही मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना का दौर चलता रहा। इस दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ भी मंदिरों में नजर आ रही थी। शहर के कई हिस्सों में विभिन्न सामाजिक संगठन, व्यवसायिक के द्वारा चौक चौराहों में भोग प्रसाद का वितरण किया गया। जंगल खटाल हनुमान मंदिर से लेकर कोसाबाड़ी सिद्ध सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर, पंचमुखी हनुमान मंदिर में हनुमान जयंती के अवसर पर विशेष अनुष्ठान किए गए। मंदिरों में दोपहर बाद ही भोग भंडारे में प्रसाद का वितरण किया गया। कुछ स्थानों में खीर पुड़ी के साथ हलवा प्रसाद का वितरण किया गया।

### तुलसीनगर में हुआ सुंदरकांड व अखंड पाठ

ग्राम बेलाकछार बालको नगर में हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया। पूजापाठ हनुमान चालीसा का पाठ किया गया और साथ ही सीताराम सीताराम जय श्री राम का नाम लेते ही किया गया। इस अवसर पर महात्मा तिवारी महाराज के माध्यम से पूजा पाठ किया गया। इस मौके पर राकेश साहू, ज्योत्सना साहू, भवानी साहू, रेखा साहू, राघव साहू, छवि साहू, ज्योति साहू, रेशम लाल साहू अन्य उपस्थित रहे।

### बजरंग चौक सराइसिंगार में विशेष पूजा पाठ



हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर संकट मोचन हनुमान मंदिर बजरंग चौक सराईसिंगार स्थित हनुमान मंदिर पर सुबह से ही भक्तों का आना-जाना लगा रहा। सुबह समिति के सदस्यों के द्वारा हनुमान जी का विशेष पूजा पाठ किया गया उसके उपरांत खीर पुडी, बूंदी केला आदि प्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान सुंदरकांड का पाठ, हनुमान चालीसा व हनुमान जी की आरती किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक पुरुषोत्तम कंवर, इंटक जिलाध्यक्ष श्याम् जायसवाल, निलेन्द्र राठौर, बजरंग यादव, राजाराम राठौर, नवनीत गुप्ता, विनय चंद्राकर, विकास कंवर, अशोक कुमार सोनी, सूर्या यादव, बंटी राठौर, संजय राठौर, चुलेश्वर राठौर, व्यास राठौर, महावीर डिक्सेना, रमेश राठौर, सोनू प्रजापति, ओमप्रकाश यदु, विजय राठौर, जगदीश अग्रवाल, विनोद उपाध्याय, सुरेंद्र राठौर, हेम साहू, शशिधर सोनी, श्रीमती चंद्रकांता राठौर, नरेंद्र आहिर, रामेश्वर राठौर, राजकुमार श्रीवास, समीर जायसवाल, तरुण डिक्सेना, आकाश जायसवाल, पंकज धुवा, राजू गुप्ता, देवा साहू,छोटेलाल पटेल,सीताराम यादव, गजाधर राठौर एवं समिति के समस्त सदस्य एवं हनुमान भक्त उपस्थित थे।

### सप्तदेव मंदिर परिसर में खिचड़ी व शरबत का वितरण

हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर बस स्टैंड स्थित सप्तदेव मंदिर प्रांगण में खिचडी, शरबत का वितरण किया गया। शनिवार को आमबाजार होने के वजह से लोगों का काफी आना-जाना था, जहां बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर धनंजय कंवर, हरसेन महंत, विमल डिक्सेना, कमल डिक्सेना, अमित महराज, तारेस राठौर, आदित्य राठौर, निखिल राठौर, सोनू नामदेव, मनीष तिवारी, ईशाख खान, राजेन्द्र नामदेव, गगन राठौर, विनय राठौर, सिद्धार्थ यादव, विक्की जायसवाल, आशीष यादव, गौरव शेखर, विकास डिक्सेना, दिलीप राठौर, बडू सिंह, आशीष यादव एवं समस्त जनमानस उपस्थित रहे।



### बेलाकछार में हुई पूजा अर्चना



ग्राम बेलाकछार बालको नगर में हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया। पूजापाठ हनुमान चालीसा का पाठ किया गया और साथ ही सीताराम सीताराम जय श्री राम का नाम लेते ही किया गया। इस अवसर पर महात्मा तिवारी महाराज के माध्यम से पूजा पाठ किया गया। इस मौके पर राकेश साहू, ज्योत्सना साहू, भवानी साहू, रेखा साहू, राघव साहू, छवि साहू, ज्योति साहू, रेशम लाल साहू अन्य उपस्थित रहे।

### श्रीरामजानकी मंदिर में अनुष्ठान



बुधवारी स्थित श्री राम जानकी मंदिर में राजपूत क्षत्रिय समाज के द्वारा हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर पूजा अनुष्ठान का कार्यक्रम आयोजित किया गया। राजपूत क्षत्रिय समाज के अध्यक्ष ठाकुर अवधेश सिंह ने बताया कि सुबह 10 बजे पूजा अनुष्ठान किया गया। हवन के बाद महाआरती की गई और प्रसाद वितरण किया गया। समाज के सदस्यों ने जिले वासियों की सुख समृद्धि की कामना की। इस दौरान राजपूत क्षत्रिय समाज के विजय सिंह, मंटू सिंह, स्मिथ सिंह, दिनेश सिंह, बच्चू सिंह, जितेंद्र सिंह, लाला सहित राजपूत क्षत्रिय समाज के सदस्य उपस्थित रहे।

### अंजोरीपाली भैसमा में मना हनुमान जन्मोत्सव



ग्राम भैसमा के मोहल्ला अंजोरीपाली में स्थित श्रीशिव हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव भक्ति भाव के साथ मनाया गया। मंदिर समिति के द्वारा मंदिर को समिति के सदस्यों के द्वारा आकर्षक साज सजा किया गया था। सुबह मंदिर में पूजन अर्चन करने के पश्चात सुंदरकांड का पाठ किया गया और उसके पश्चात सभी श्रद्धालु भक्तों एवं मोहल्लेवासियों को खीर फल एवं चने का प्रसाद वितरण किया गया। प्रसाद वितरण पूजन के पश्चात अनवरत जारी रहा। ग्राम भैसमा से हनुमान जन्मोत्सव पर विशेष झांकी निकाली गई जो बस्ती का भ्रमण करते हुए हनुमान मंदिर में संपन्न हुई।

### कटघोरा में श्रद्धालुओं ने किया प्रसाद वितरण

सबके संकट हरने वाले राम भक्त हनुमान का प्राकट्य पर्व कटघोरा नगर में आस्था और भक्ति के वातावरण में मनाया गया। यहां के हनुमानगढ़ी सहित विभिन्न मंदिरों में बजरंगबली की पूजा अर्चना करने के लिए श्रद्धालुओं में उत्साह देखा गया। कई प्रकार के अनुष्ठान इस अवसर पर किए गए। श्रद्धालुओं के लिए यहां भोग प्रसाद की व्यवस्था भी की गई थी।

### पंचमुखी हनुमान मंदिर से निकाली गई शोभायात्रा



हनुमान जयंती के अवसर रजगामार स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर से गाजे बाजे के साथ शोभायात्रा निकाली गई जो रजगामार के आवासीय परिसर का भ्रमण करते हुए डीएम व ओमपुर कॉलोनी पहुंचकर मंदिर परिसर में समाप्त हुई। शोभायात्रा में हनुमान जी की झांकी प्रमुख आकर्षण का केंद्र था। हनुमान का वेष धारण कर शोभायात्रा में नाचते गाते जा रहे थे। शोभायात्रा में पुरुष व महिलाएं बड़ी संख्या में शामिल रहे। प्रतिवर्ष चैत्र नवरात्रि में भगवान राम के जन्मोत्सव के एक सप्ताह बाद चैत्र माह की पूर्णिमा में मनाई जाने वाली हनुमान जयंती का दायरा अब शहर उपनगरीय क्षेत्रों के साथ ग्रामीण अंचलों में भी बढ़ता जा रहा है।

# पीएमओ और अनुसूचित जनजाति आयोग ने कलेक्टर और सीएमडी से मांगा जवाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल की कोरबा, कुसमंडा, गेवरा एवं दीपका क्षेत्र में भू-अर्जन, विस्थापन से उत्पन्न समस्या तथा रोजगार, पुनर्वास, पुर्नव्यवस्थापन अधिनियम में निहित अधिकारों का हनन और

**खास बात**

- ऊर्जाधानी भूविस्थापित किसान कल्याण समिति की याचिका पर कार्यवाही

प्रबंधन द्वारा दमनात्मक कार्रवाही की शिकायत पर पीएमओ और अनुसूचित जनजाति आयोग ने कार्यवाही करते हुए कलेक्टर और एसईसीएल सीएमडी को पत्र जारी कर 15 दिनों में स्वयं अथवा माध्यम से अपना जवाब प्रस्तुत करने के लिए कहा है।

ऊर्जाधानी भूविस्थापित किसान कल्याण समिति के अध्यक्ष सपुरन कुलदीप के ने अपने संगठन के साथ ही जिले के पंचायत प्रतिनिधियों विभिन्न संगठनों द्वारा हस्ताक्षरित याचिका के माध्यम से जिला पुनर्वास समिति के कामकाज और किसानों की जमीन अर्जन, विस्थापन और क्षेत्र में बढ़ते प्रदूषण और नीतियों का गलत तरीके से लागू कर रोजगार, बसाहट, मुआवजा का सम्पूर्ण निपटारा किये बगैर जबरिया कोयला उत्खनन करने, ग्रामीणों को भयभीत करने सहित भूविस्थापितों के सभी समस्याओं को रेखांकित करते हुए शिकायत किया था। जिसके बाद पीएमओ ने सबंधित विभाग को कार्यवाही करने और समाधान कर सूचित करने तथा अनुसूचित जनजाति आयोग ने कलेक्टर और सीएमडी एसईसीएल को अपने नोटिस में कहा है कि संविधान के अनुच्छेद 338क के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का अनुसरण करते हुए इस मामले का अन्वेषण जांच करने का निश्चय किया है। सूचना मिलने के 15 दिन के अंदर अधोहस्ताक्षरी को डाक से या वैयक्तिक रूप से उपस्थित होकर या किसी अन्य संचार साधन से संबन्धित आरोपी मामलों और सूचनाओं पर की गई कार्यवाही से संबन्धित सूचना प्रस्तुत करें। आयोग ने स्पष्ट तौर पर कहा है कि यदि नियत अवधि में आयोग को उत्तर प्राप्त नहीं होता है तो आयोग भारत के संविधान के अनुच्छेद 338क के अंतर्गत उसे प्रदत्त सिविल न्यायालय की शक्तियों का प्रयोग कर सकता है तथा वैयक्तिक रूप से या प्रतिनिधि के माध्यम से आयोग के समक्ष उपस्थित होने के लिए आपको 'समन जारी कर सकता है।

### हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर करेंगे

ऊर्जाधानी भूविस्थापित किसान कल्याण समिति का कहना है कि जिले के आंदोलन का विस्तार करते हुए हम एसईसीएल के छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश में फैले कोयला खदानों में विस्थापन से जुड़े समस्याओं और खासकर कोल इंडिया पालिसी 2012 को रद्द करने की मांग पर हाईकोर्ट में जनहित याचिका दर्ज करने की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि कोयला मंत्री के कोरबा प्रवास के दौरान उनसे आग्रह किया है कि समस्याओं का विस्तार चर्चा के लिए इस माह के अंत में दिल्ली में समय प्रदान करें।

# डॉ.भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाने बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



भारत रत्न डॉ.भीमराव बाबा साहब अंबेडकर की 134वीं जयंती को गौरव दिवस के रूप में मनाने की तैयारी के लिए टीपी नगर स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय में एक बैठक आहूत की गई। कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के जिला अध्यक्ष एवं पार्षद नारायण कुर्रे के अध्यक्षता में हुई बैठक में निर्णय लिया गया कि 14 अप्रैल की सुबह 10.30 बजे जिला कांग्रेस कार्यालय में डॉ.भीमराव अंबेडकर का जयंती मनाने के बाद ओपन थियेटर के पास डॉ.भीमराव अंबेडकर प्रतिमा स्थल जाकर माल्यार्पण किया जावेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आयोजित बैठक में पूर्व जिला अध्यक्ष सपना चौहान, पार्षद डॉ. रामगोपाल कुर्रे, पार्षद पति अविनाश बंजारे, महिला कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के जिला अध्यक्ष पुष्पा पात्रे, रवि खुंटे, सीमा कुर्रे, सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थि थे। रवि खुंटे ने 14 अप्रैल को समस्त कांग्रेस पदाधिकारियों को समय पर पहुंचने आग्रह किया है।

# जन्मदिन पर उद्योग मंत्री ने वृद्धाआश्रम पहुंचकर वहां के बुजुर्गों से लिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



जन्मदिन पर उद्योग मंत्री को महामाला पहनाते कार्यकर्ता व समर्थक।



वृद्धाश्रम में वृद्धों को भेंट देते मंत्री श्री देवांगन।

शनिवार को हनुमान जयंती और अपने जन्मदिन के अवसर पर वाणिज्य उद्योग और श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने मां

**खास बातें**

- मंदिरों में टेका मत्था, कार्यकर्ताओं ने हर्षोल्लास के साथ मनाया जन्मोत्सव
- सभी मंडलों में आयोजित हुए विविध कार्यक्रम

सर्वमंगला मंदिर में भगवान श्री हनुमान और मां सर्वमंगला की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस अवसर पर सर्वमंगला मंडल द्वारा आयोजित जन्मदिन कार्यक्रम में सम्मिलित होकर पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का अभिवादन स्वीकार किया। साथ ही वृद्धाआश्रम के बुजुर्गों का आशीर्वाद लेकर उनको भेंट दिया। इस अवसर पर आयोजित भंडारा में सम्मिलित होकर सभी श्रद्धालुओं के साथ प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज शर्मा, महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, पूर्व महापौर जोगेश लांबा, अशोक चावलानी, पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ राजीव सिंह, जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी, पार्षद नरेंद्र देवांगन, गोपाल मोदी, देवेंद्र पांडेय, नरेंद्र पाटनवार, सर्वमंगला मंडल अध्यक्ष मनीष मिश्रा, दर्री मंडल अध्यक्ष ईश्वर साहू, बालको मंडल अध्यक्ष दिलेंद्र यादव, कोसाबाड़ी मंडल अध्यक्ष योगेश मिश्रा, परविंदर सिंह, युगल कैवर्त, राम कुमार राठौर, वैभव शर्मा, अनिल यादव समेत सभी मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। शनिवार को मंत्री श्री देवांगन दर्री मंडल, कोरबा मंडल, बालको मंडल, कोसाबाड़ी मंडल द्वारा मंत्री श्री देवांगन का हर्षोल्लास के साथ जन्मदिन मनाया गया। सभी जगह पर मंत्री श्री देवांगन शामिल हुए। इस अवसर पर मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि सभी का आभार जताते हुए कहा कि आप सभी देवतुल्य कार्यकर्ताओं के अपनत्व स्नेह, शुभकामनाएं, बधाई और आशीर्वाद ही मेरी सबसे बड़ी ताकत है।

### छुरीकला में स्वागत

छुरीकला में भाजपा नेता प्रीतम देवांगन, नरेश देवांगन, नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमति पदमिनी देवांगन, उपाध्यक्ष हीरानंद पंजवानी द्वारा आयोजित जन्मदिन के अवसर पर मंत्री श्री देवांगन शामिल हुए। मंत्री श्री देवांगन ने छोटे बच्चों के साथ केक काटकर सभी का आभार जताया।

### सभी मंडलों में पहुंचे देवांगन

शनिवार को मंत्री श्री देवांगन दर्री मंडल, कोरबा मंडल, बालको मंडल, कोसाबाड़ी मंडल द्वारा मंत्री श्री देवांगन का हर्षोल्लास के साथ जन्मदिन मनाया गया। सभी जगह पर मंत्री श्री देवांगन शामिल हुए। इस अवसर पर मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि सभी का आभार जताते हुए कहा कि आप सभी देवतुल्य कार्यकर्ताओं के अपनत्व स्नेह, शुभकामनाएं, बधाई और आशीर्वाद ही मेरी सबसे बड़ी ताकत है।

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.

नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी

चक्कर की जॉच
एलर्जी

Dental & Consmetic Treatments
- टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज

(Hearing Aids) सुनाई मशीन

## खबर संक्षेप

### धान खरीदी केंद्र, तहसील, न्यायालय सहित अस्पताल की मांग

**कोरबा।** ग्राम जल्के में धान खरीदी केंद्र, तहसील कार्यालय, व्यवहार न्यायालय, अस्पताल इन चारों की मांग सुशासन तिहार में ग्राम जल्के निवासी दिनेश जायसवाल द्वारा की गई है। ग्राम जल्के पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक के 114 ग्राम पंचायत में से सबसे बड़ा पंचायत है। यहां की जनता को राजस्व कार्यों के लिए 30 किलोमीटर का सफर तय करना होता है। राजस्व निरीक्षक मंडल कोरबी के अंतर्गत आने वाले सभी ग्राम के निवासियों को भी फायदा मिलेगा,साथ ही पूरे पोड़ी ब्लॉक में कहीं भी व्यवहार न्यायालय नहीं है यहां के लोगों को कटघोरा तक का सफर तय करना होता है। जिससे काफी परेशानी होती है, जलके में व्यवहार न्यायालय की स्थापना होने से पूरे ब्लॉक के लोगों को फायदा मिलेगा, धान खरीदी केंद्र होने से भी जलके और आस पास के लोगों को फायदा मिलेगा। हॉस्पिटल सुविधा के लिए भी पोड़ी तक का सफर तय करना पड़ता है, जिसके कारण काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है और जलके में हॉस्पिटल हो जाने से भी जल्के और आस पास के लोगों को इसका लाभ मिलेगा।

### बलगी में पोषण पखवाड़ा का हुआ आयोजन



**कोरबा।** आंगनबाड़ी केंद्र बलगीखार-2 में पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं एवं बच्चों को पोषण संबंधी जानकारिया दिया गया। सभी जानकारियों में गर्भवती महिलाओं, शशुवती महिलाओं, किशोरी बालिकाओं एवं नवजात शिशुओं के पोषण को मुख्य बिंदु रखा गया। आंगनबाड़ी में नाटकीय रूप से लोगों को जागरूक किया गया। साथ में कुपोषण से कैसे निजाद पाए इस बात पर जोर दिया गया। आंगनबाड़ी के माध्यम से सरकार की जितनी भी योजनाएं संचालित हैं उन सभी के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दिया गया। पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम गेवरा सेक्टर सुपरवाइजर श्रीमती दीप्ति असाटी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में आंगनवाड़ी केंद्र की कार्यकर्ता प्रभा कश्यप, सहायिका नीरा बाई, मितानिन संजू, महिला समूह की महिलाएं, किशोरी बालिकाएं एवं बच्चे उपस्थित रहे।

### गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण जागरूकता कार्यक्रम



**कोरबा।** केन्द्र सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्रालय द्वारा पोषण पखवाड़ा का 7 वां संस्करण 8 अप्रैल से 22 अप्रैल तक आयोजित किया जा रहा है। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के निर्देश व कोरबा जिला महिला एवं बाल विकास के मार्गदर्शन में जिले भर में विशेष पोषण पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। प्रत्येक दिन विभिन्न थीम पर सेक्टर सुपरवाइजर के नेतृत्व में आंगनबाड़ी केन्द्रों में समुदाय आधारित कार्यक्रम किये जा रहे हैं। इस क्रम में कोरबा शहरी परियोजना के अंतर्गत सीतामणी सेक्टर के आंगनवाड़ी क्रमांक 1 में स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण करने के साथ शिशुवती महिलाओं को भी उनके खान-पान, देखभाल के बारे में जागरूक किया गया। इस दौरान रानी धनराज कुंवर देवी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से डॉ. मोर्गे, नर्स माला, सुधा बंसोड़ ने परीक्षण किया। शिविर में महिला बाल विकास सीतामणी सेक्टर सुपरवाइजर श्रीमती स्वाति राठौर सहित आंगनवाड़ी कार्यकर्ताएं व मितानिनें भी उपस्थित रहीं। स्वाति राठौर ने बताया कि पोषण अभियान का उद्देश्य बच्चों और महिलाओं के बीच स्वस्थ और पौष्टिक आहार को बढ़ावा देना है।

## कर्मचारी के समय तय होने के बाद भी पहुंचते हैं देरी से

# शासकीय विभागों में पंचिंग मशीन की है दरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शासकीय दफ्तरों में पंचिंग मशीन लगाने की कवायद अभी भी पूरी नहीं हो सकी है। सुबह 10.30 बजे कर्मचारियों के पहुंचने का निर्धारित समय होने के बाद भी अधिकांश कर्मचारी आधे घंटे देरी से पहुंचते हैं। पंचिंग मशीन होने की स्थिति में कर्मचारियों की मनमर्जी से आवाजाही बनी हुई है।

**खास बात**

- कलेक्ट्रेट में ही नजर आती है पंचिंग मशीन

दो माह पूर्व सभी शासकीय दफ्तरों में कर्मचारियों के समय पर उपस्थित होने के लिए कलेक्ट्रेट सहित सभी कार्यालयों में पंचिंग मशीन लगाने के निर्देश जारी किए गए थे। इस निर्देश पर दो माह बाद यह स्थिति है कि कलेक्ट्रेट बिल्डिंग में ही पंचिंग मशीन नजर आती है। जबकि कलेक्ट्रेट परिसर में ही जिला पंचायत, पंचायत समाज कल्याण, उद्योग विभाग, नाप तौल विभाग, पशु चिकित्सा विभाग, सहकारिता विभाग, शिक्षा एवं महिला बाल विकास विभाग संचालित है। इन विभागों की स्थिति देखा जाए तो जिला पंचायत में पंचिंग मशीन है। यही स्थिति पंचायत समाज कल्याण विभाग, पशु चिकित्सा विभाग की भी है। कुछ विभागों में पंचिंग मशीन लगी है जिससे यह नजर आता है कि विभाग में पंचिंग मशीन लगे होने के कारण कर्मचारी समय पर आ रहे हैं लेकिन पंचिंग मशीन की वास्तविकता देखी जाती है तो मशीन बिगड़ी नजर आती है। इससे जाहिर हो रहा है कि विभागों में पंचिंग मशीन या तो लगी नहीं और लगी है तो बिगड़ी पड़ी है। चार बजते ही कर्मचारियों की रवानगी शुरु हो जाती है। अधिकांश कर्मचारी चार बजे से दफ्तर छोड़ना शुरु कर देते हैं।



कार्यालय में लगा पंचिंग मशीन।

**विभाग को अपने खर्च पर लगाना था**

पंचिंग मशीन लगाने की जिम्मेदारी विभाग प्रमुख को दी गई थी। सभी विभागों को स्वयं के खर्च पर पंचिंग मशीन लगाने के निर्देश दिए थे। उसके बावजूद कुछ विभाग प्रमुखों ने रुचि नहीं दिखाई। इनमें लोक निर्माण विभाग, सिंचाई विभाग प्रमुख रुप से शामिल हैं, जहां मशीन ही नहीं सुधारी गई।

**कलेक्ट्रेट के बाहर दफ्तरों में मशीन ही नहीं लगी**

कलेक्ट्रेट के बाहर शहर के दूसरी क्षेत्रों में चल रहे शासकीय दफ्तरों की स्थिति और उलट है यहां तो मशीन ही नहीं लगी है। ऐसे दफ्तरों में आम लोगों का आना जाना कम होता है लिहाजा कर्मचारी पहुंचते तो समय पर है लेकिन किसी न किसी काम से दफ्तर से नदारद हो जाते हैं। ऐसे विभागों में ग्रामीण यांत्रिकी विभाग, पीएम ग्राम सड़क के अलावा पर्यावरण, मत्स्य विभाग संचालित है। ऐसे विभागों में आम लोगों का आना जाना तो दूर केवल ठेकेदार ही नजर आते हैं। बिगड़े हुए मशीनों का सुधारने का काम ही नहीं किया गया।

# नवविवाहिता ने ससुराल वालों पर लगाया दहेज प्रताड़ना का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वैशाली नगर निवासी एक नवविवाहिता ने अपने पति और ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए मानसिक व शारीरिक प्रताड़ना देने और जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता ने कुसमुंडा थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता संजय पाल की पत्नी है, जिसकी शादी 18 फरवरी 2024 को हिंदू रीति-रिवाज से हुई थी। विवाह के कुछ दिन तक सबकुछ सामान्य रहा, परंतु कुछ ही सप्ताह बाद पीड़िता को दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाने लगा।

**खास बात**

- कुसमुंडा थाना में की है लिखित शिकायत, वैशाली नगर की रहने वाली है विवाहिता

आरोप है कि ससुराल पक्ष ने शादी में मिले सामान को लेकर लगातार अपमानित किया और दो लाख रुपये की अतिरिक्त मांग की। पीड़िता के अनुसार अगस्त 2024 में उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया गया। इसके पश्चात सामाजिक और पारिवारिक बैठकें बुलाकर मामले को सुलझाने की कोशिश की गई, लेकिन ससुराल पक्ष ने समझौते से इनकार कर दिया। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि उसे एक कमरे में बंद करके गला घोंटने की कोशिश की गई तथा बलपूर्वक संबंध बनाने के लिए मजबूर किया गया। शिकायत में ससुराल पक्ष के सदस्यों अर्जुन लाल यादव, अजय पाल, रूपा यादव, सीमा यादव समेत कुल पांच लोगों के नाम दर्ज हैं। पीड़िता का कहना है कि अब उसे अपने जीवन की सुरक्षा को लेकर डर बना हुआ है। वह न्याय और ससुराल वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग कर रही है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं पीड़िता ने राज्य महिला आयोग और स्थानीय प्रशासन से भी मदद की गुहार लगाई है।

# चोरी के जेवरात खरीदने और गलाने वाला सोनार गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एमपी नगर कॉलोनी में कंस्ट्रक्शन ठेकेदार के मकान में हुए लाखों की चोरी के मामले में पुलिस को सफलता मिली है। मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में चोरी के सोने-चांदी के जेवरात को खरीदने वाला और इन गहनों को गलाने वाला आरोपी भी शामिल है। पुलिस ने चोरी का माल बरामद कर लिया है। चारों आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल कर दिया है।

**खास बातें**

- एमपीनगर के सूने मकान में हुए लाखों की चोरी का मामला
- पुलिस ने आरोपियों से चोरी गए सामान को किया बरामद

जानकारी के अनुसार सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत कंस्ट्रक्शन ठेकेदार सुजीत कुमार के एमपी नगर कॉलोनी के पास एमआईजी 1/139 मकान को चोरों ने अपना निशाना बनाया था। मकान मालिक सुजीत कुमार बाहर गया हुआ था। इसी बीच चोरों ने मौके का फायदा उठाकर मकान में धावा बोला था। जहां चोरों ने अलमारी का लॉकर तोड़कर सोने-चांदी के बिस्किट, हीरे के जेवरात और 50 हजार रुपए नकद सहित 15 लाख की चोरी कर फरार हो गए थे। यह चोरी की पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। वहीं घटना की सूचना मिलते पर सिविल लाइन थाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंची थी। जांच पड़ताल के लिए डॉग स्क्वायड की टीम को भी बुलाया गया था। आसपास में लगे सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाला गया, जिसमें दो संदिग्ध युवक नजर आए। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर दो आरोपी नितेश साहू और ललित भोई को गिरफ्तार कर कड़ी पूछताछ की। पूछताछ में पता चला कि चोरी के जेवरात सराफा कारोबारी निखिल सोनी को बेचते थे। निखिल इन जेवरातों को अमित काले नामक सोनार से गलवाता था। जिस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस ने निखिल और अमित को भी गिरफ्तार कर लिया। वहीं आरोपियों से चोरी का सामान भी बरामद कर लिया गया है। थाना प्रभारी प्रमोद डनसेना ने कहा कि पकड़े गए चोर आदतन अपराधी हैं। वे पहले भी दो चोरी की घटनाओं में लिप्त रह चुके हैं। फिलहाल सभी आरोपियों को न्यायिक रिमांड के बाद जेल भेज दिया गया है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।



जब्त जेवरात।

### 34 लीटर कच्ची महुआ शराब सहित तीन आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा।** थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत अवैध रूप से शराब विक्रेताओं एवं अवैध धंधा करने वालों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में कोतवाली पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि मोतीसागरपारा में समारु सागर व तीन महिलाओं के द्वारा शराब रखकर बिक्री किया जा रहा है। सूचना पर कोतवाली पुलिस टीम गठीत कर मोतीसागरपारा में घेराबंदी किया। पकड़े गए आरोपियों से कुल 34 लीटर कच्ची महुआ शराब को जब्त किया गया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा है।

# मालगाड़ी के सामने कूदकर युवक ने की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

उरगा थाना क्षेत्र के सरगबुंदिया रेलवे समपार फाटक के पास एक अज्ञात युवक ने मालगाड़ी के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली, मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। घटना के बाद से इलाके में हड़कंप मच गया है। जानकारी के मुताबिक घटना शनिवार की दोपहर सरगबुंदिया रेलवे स्टेशन के पास घटी है। मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। मृतक की उम्र करीब 25 से 27 साल के बीच आंकी जा रही है। लोकों पायलट के मुताबिक युवक पटरी के किनारे चल रहा था। उन्होंने कई बार हॉर्न बजाया और गाड़ी की रफ्तार भी कम की। लेकिन युवक ने अचानक मालगाड़ी के सामने छलांग लगा दी। हादसे के बाद इमरजेंसी ब्रेक लगाकर गाड़ी रोकी गई और स्टेशन मास्टर को सूचना दी गई। वहीं घटना की सूचना मिलते रेलवे आरपीएफ पुलिस ने घटना की जानकारी चांपा जीआरपी पुलिस को दी। युवक की पहचान के लिए उरगा थाना पुलिस और गांव के कोटवारों के जरिए मुनादी कराई जा रही है साथ ही व्हाट्सएप ग्रुप्स में भी उसकी फोटो शेयर की जा रही है ताकि मृतक की पहचान करने में आसानी हो। घटना सरगबुंदिया रेलवे स्टेशन के पास घटी है और आगे कार्यवाही के लिए पड़ोसी जिला जांजगीर चांपा से चांपा रेलवे जीआरपी पुलिस का इंतजार करना पड़ा इसके बाद आगे की कार्रवाई शुरू की गई।



युवक का शव।

# लोन रिकवरी के लिए प्रताड़ित करने वाले एजेंट गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

माइक्रो फाइनेंस कंपनी के एजेंटों पर पुलिस में प्रहार करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए तीनो एजेंट महिलाओं को लोन की रकम जमा करने के लिए प्रताड़ित कर रहे थे।

जानकारी के अनुसार बता दें कि पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नितिश कुमार ठाकुर, नगर पुलिस अधीक्षक भूषण एक्का के पर्यवेक्षण में जिले में कार्यरत विभिन्न माइक्रो फाइनेंस कंपनियों के एजेंट द्वारा फ्लोरा मैक्स कंपनी की ठगी की शिकार महिलाओं को लोन रिकवरी के नाम पर धमकाए जाने पर एजेंटों के विरुद्ध सतत विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है। अब तक जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 11 एफआईआर दर्ज की गई हैं। अब तक कुल 9 प्रकरणों में 10 आरोपियों को गिरफ्तार कर शेष प्रकरणों में आरोपियों की पतासाजी की जा रही है।

**इन्हें किया गया गिरफ्तार**

बंधन बैंक एजेंट करण जाटवर और अजय यादव, एचडीएफसी बैंक एजेंट गौतम उपाध्याय, पवन दुबे और अरुण लकड़ा, एल एंड टी माइक्रोफाइनेंस एजेंट अभिषेक यादव, पुष्पेंद्र खरवार, सोनू खान, रमेश साहू और देव टंडन को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

# एडीआर भवन में अधिकार मित्रों की ली गई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के स्टेट प्लान ऑफ एक्शन वर्ष 2024-25 के अनुसार माननीय सत्येन्द्र साहू, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के निर्देशन में कु.डिम्पल, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा द्वारा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के स्कीम असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए कानूनी सहायता योजना, विषय में असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को कानूनी सहायता प्रदान करना एवं उनके अधिकारों के हितों की रक्षा किये जाने के प्रयोजनार्थ 11 अप्रैल को जिला न्यायालय परिसर कोरबा के एडीआर भवन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा में इस प्राधिकरण के अंतर्गत कार्यरत समस्त अधिकार मित्र (पीएलव्ही) की बैठक ली गई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के अधिकार मित्र पैरालीगल वॉलीण्टियर लाला राम राठिया द्वारा नालसा स्कीम असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए कानूनी सहायता योजना, 2015 के अंतर्गत असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को कानूनी सहायता प्रदान करना एवं उनके अधिकारों के हितों की रक्षा एवं अन्य कानूनी सेवाएं प्रदान किये जाने के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही कु.डिम्पल, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा द्वारा अधिकार मित्रों को एक दूसरे के साथ मिलकर सामंजस्य स्थापित कर आमजनों को विधिक सहायता एवं विधिक सलाह प्रदान करने हेतु निर्देशित किया गया।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
- कमर
- जांघ,
- आर्म
- वक्ष स्थल
- शरीर के अन्य हिस्सों का लेजर द्वारा लाइपोसक्शन

छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेड़ी नाका, धमतरी रोड कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

# थाना प्रभारी ने लगाई चौपाल, असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सरकारी व्यवस्था का अपना दायरा है और इसके अंतर्गत जनता से जुड़े काम किए जा सकते हैं। इससे अलग हटकर लोगों को अपने स्तर पर बहुत कुछ करने की जरूरत है। विभिन्न प्रकार की बुराइयों से दूर रहकर और आपस में समन्वय बनाकर भी ग्रामीण लोग अनुकूल स्थिति बना सकते हैं। सुशासन इसी शर्त पर केंद्रित है। कटघोरा क्षेत्र में पुलिस ने अपनी स्तर पर अभियान चलाकर लोगों को सकारात्मक सलाह दी।

कटघोरा थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी ने ग्राम तुमान, बिंझरा, सिंघिया, लखनपुर में जन चौपाल लगाई और ग्रामीणों को बताया कि अच्छाई किसमें है। उन्होंने युवाओं को आपराधिक गतिविधियों व नशे से दूरी बनाने को कहा। मादक द्रव्य पदार्थ का सेवन कर वाहन न चलाने के साथ कहा कि नशा जीवन के लिए सबसे बेकार है और अपने साथ-साथ परिवार, समाज में तिरस्कार का कारण बनता है। अपील की गई कि अगर कोई ऐसी बुराई में जकड़ा है तो उसे सुधारें और दूसरों को भी सही रास्ते पर लाने की कोशिश करें। श्री तिवारी ने बताया कि सुशासन अभियान अच्छी मंशा से चलाया जा रहा है। अगर पंचायतों में कोई समस्या है तो इस बारे में पुलिस को अवगत कराएं ताकि निराकरण हो सके। पुलिस ने दुर्घटना की स्थिति में लोगों को डायल 112 की सेवा लेने के साथ अन्य मामलों में पुलिस को सूचना साझा करने के लिए तैयार रहने को कहा और इसके फायदे बताए। थाना प्रभारी ने महिलाओं व ग्रामीणों को साइबर फ्रॉड से बचने के लिए जागरूक किया। कहा गया कि ईनामी कूपन, लॉटरी, गाड़ी के नाम पर ओटीपी तो किसी से भी भूलकर शेयर न करें।



जन चौपाल में उपस्थित थाना प्रभारी व ग्रामीण।

### सीएसईबी चौकी पुलिस ने लगाई चौपाल

परिवहन नगर स्थित वार्ड क्रमांक 15 झरना पारा के 15 ब्लॉक में सीएसईबी चौकी पुलिस द्वारा चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें सीएसईबी चौकी प्रभारी उप निरीक्षक जितेंद्र यादव अपने स्टाफ के साथ उपस्थित रहे। चौपाल के दौरान पुलिस अधिकारियों ने वार्ड वासियों से सीधा संवाद स्थापित करते हुए उन्हें कानूनी नियमों की जानकारी दी और उनकी समस्याएं सुनीं। इस मौके पर स्थानीय नागरिकों ने बताया कि रात के समय क्षेत्र में असामाजिक तत्वों की गतिविधियां बढ़ जाती हैं, जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

सुयश हॉस्पिटल (NABH से मान्यता प्राप्त)
किडनी रोग विभाग
- किडनी फेलयर (ARF/CRF)
- डायलिसीस
- बच्चों की किडनी की समस्त प्रकार की बीमारी
- नेफ्रोटिक सिंड्रोम
- हाई बीपी (HIGH BP)
- PCNL
- AV FISTULA

24 Hours Helpline 9926386660
कोटा–गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान



डॉ. एल.सी.मढ़रिया डायरेक्टर MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया को-डायरेक्टर MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ
- 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा
- डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
- OCT द्वारा रेटिना व कॉचबिन्द का जांच व ईलाज

डॉ. एल.सी. मढ़रिया
आई.जी.ऑफिस रोड, अपेक्स बैंक के पीछे, नेहरू चौक, बिलासपुर (छ.ग.)
फोन : 07752-402070, 228277, मो. : 9826190123, 9669979123

online Booking:-www.tripuryatra.com



सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
16 मई, 23 मई, 02 जून, 15 जून, 14 अगस्त, 04 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशिः-स्लीपर-20,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411